# Chapter – 5
# What is CM Helpline

### सी.एम. हेल्पलाइन क्या है? (What is CM Helpline?)

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर भारत के कई राज्यों में लागू किया गया एक सिस्टम है, जिसके माध्यम से लोग मुख्यमंत्री से संपर्क कर सकते हैं और अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। कुछ राज्यों में सीएम हेल्पलाइन नंबर आपको सीधे मुख्यमंत्री से बात करने की सुविधा प्रदान करता है।

विभिन्न राज्यों में नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों को सीधे प्राप्त करने के लिए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करने के लिए एक पूरी प्रोसेस होती है।

"**सी.एम. हेल्पलाइन**" की शुरुआत सबसे पहले मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की गई थी। आइये इसके बारे में विस्तार से चर्चा करते हैं।

### मध्यप्रदेश में "सी.एम. हेल्पलाइन" की शुरुआत
### "CM Helpline" launched in Madhya Pradesh

- 31 जुलाई, 2014 को मध्यप्रदेश में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा "सी.एम. हेल्पलाइन-181" की शुरुआत की गई थी। यह हेल्पलाइन सर्विस लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत आती है।
- जनता की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए यह हेल्पलाइन शुरू की गई है, जिस पर हर दिन हजारों लोग शासकीय योजनाओ की जानकारी, शिकायत, माँग, सुझाव एवं समस्याओं से संबंधित कॉल करते हैं।
- शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 181 प्रदान किया गया है। इस नम्बर पर कॉल करके कोई भी नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए संपर्क कर सकते है। शिकायत मिलने के बाद उसके समाधान से संबंधित विभाग या कार्यालय के अधिकारियों को सूचना दी जाती है। जब शिकायतों का निराकरण अधिकारीयों द्वारा कर दिया जाता है तब शिकायत करने वाले नागरिको को समाधान की जानकारी भी दी जाती है।

शिकायत करने वाला नागरिक यदि उस समाधान से संतुष्ट नहीं होता है तो फिर से इस विभाग को बताया जाता है। एवं उसका उचित निराकरण किया जाता है।

### शिकायत हेतु माध्यम
### Channel for Complaint

नागरिक स्वंय ही सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर या मोबाईल app के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सी.एम. हेल्पलाईन 181 पर नागरिक निम्न विषयों के अंतर्गत कॉल कर सकते हैं :-

- शिकायत करने के लिए।
- शासकीय योजनाओं की जानकारी के लिए।
- मांग एवं सुझाव के लिए।
- भ्रष्टाचार सम्बन्धी शिकायत।
- सी एम हेल्पलाईन में की गई शिकायत के निराकरण की जानकारी हेतु।
- आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा आदि की प्रतिलिपियों के लिये आवेदन।

**सी.एम. हेल्पलाइन की विशेष पहल**

## CM Special initiative of helpline




**अन्य राज्यों के लिए हेल्पलाइन**

## Helpline for all other states

अन्य राज्यों में भी राज्य सरकारों द्वारा इसी प्रकार के पोर्टल एवं वेबसाइट लॉन्च की गई हैं, जिन पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करते हैं, एवं सरकार द्वारा उनका निराकरण किया जाता है।

आइये सभी राज्यों की हेल्पलाइन नंबर एवं वेबसाइटों के बारे में जानते हैं। नीचे दी गई सारणी में सभी राज्यों की हेल्पलाइन सर्विस के लिए उपलब्ध कराए गए टोल फ्री नंबर एवं वेबसाइट दी गई हैं, जिन पर नागरिक अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं।

| क्रमांक | राज्य केन्द्र शासित प्रदेश | हेल्पलाइन नम्बर | बेवसाइट |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आन्ध्रप्रदेश | Toll Free: 1902 | https://www.spandana.ap.gov.in/ |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | CM Helpline: 155250 | https://pgportal.gov.in/ |
| 3 | असम | NA | https://gad.assam.gov.in/portlet-level-1/lodge-your-grievance |
| 4 | बिहार | 0612-220 1000, 0612-220 5800 | http://www.bpgrs.in/ |
| 5 | छत्तीसगढ़ | Toll Free: 1100 | https://cggrievance.cgg.gov.in/ |
| 6 | गोवा | NA | https://goaonline.gov.in/ |
| 7 | गुजरात | Grievance Cell : 079-23250073, 079-23250074 | https://cmogujarat.gov.in/en/write-to-cmo/ |
| 8 | हरियाणा | CM Helpline: 0172-3322500 | https://cmharyanacell.nic.in/ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | हिमाचल प्रदेश | Toll Free: 1100 | https://cmsankalp.hp.gov.in/ |
| 10 | झारखण्ड | Grievance Cell Toll Free: 181 | https://pgms.dmajharkhand.in/index.php/request |
| 11 | कर्नाटक | NA | http://164.100.133.44/cms/portal/login.jsf |
| 12 | केरल | Grievance Cell Toll Free: 1800-425-7211 | https://kerala.gov.in/web/guest/cm-grievance-redressal-cell |
| 13 | मध्यप्रदेश | CM Helpline Toll Free: 181 | http://cmhelpline.mp.gov.in/Default.aspx |
| 14 | महाराष्ट्र | NA | https://grievances.maharashtra.gov.in/en |
| 15 | मेघालय | WhatsApp Helpline: 4363-94363 | http://megpgrams.gov.in/index.htm |
| 16 | मणिपुर | Grievance Cell Toll Free Number: 1800-345-3818 | https://grievancecellmanipur.in/frontend/web/index.php |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | मिजोरम | NA | https://aizawl.nic.in/service/how-to-lodge-a-grievance/ |
| 18 | नागालैण्ड | NA | NA |
| 19 | उड़ीसा | CM Helpline: 0674-2390902 | https://cmgcodisha.gov.in/ |
| 20 | पंजाब | NA | http://connect.punjab.gov.in/ |
| 21 | राजस्थान | Grievance Cell Toll Free: 181 | http://sampark.rajasthan.gov.in/RajSamWelcome.aspx |
| 22 | सिक्किम | NA | https://pgportal.gov.in/ |
| 23 | तमिलनाडु | CM Helpline: 044 – 2567 1764 | http://cmcell.tn.gov.in%20https//www.tn.gov.in/grievance |
| 24 | तेलंगाना | Janahitha WhatsApp: 9494181920 | http://cpgrams.ts.nic.in/citizen/grievance.php |
| 25 | उत्तरप्रदेश | CM Helpline Toll Free: 1076 | http://jansunwai.up.nic.in/?language=en_US |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | उत्तराखण्ड | CM Helpline Toll Free: 1905 | https://cmhelpline.uk.gov.in/# |
| 27 | त्रिपुरा | NA | https://grievance.tripura.gov.in/ |
| **केन्द्रशासित प्रदेश** | | | |
| 28 | जम्मू कश्मीर | Kashmir:1800-572-2328 Srinagar:0194- 2502593 Jammu:0191-2560109, | https://jkgrievance.in/AwazAAwam/index.aspx |
| 29 | दिल्ली | 011-23379900, 011-23379901 | https://pgc.delhigovt.nic.in/content/public-grievances |
| 30 | दादर एवं नगर हवेली दमन एवं दीव | Grievance Cell: 0260-2230698, 0260-2230689 03192-233056 | NA |
| 31 | अण्डमान निकोबार | 03192-233056 | http://db.and.nic.in/lghelpdesk/ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | द्वीप समूह | | |
| 32 | लक्ष्यद्वीप | NA | https://lakshadweep.gov.in/service-category/grievances/ |
| 33 | पुदुचेरी | NA | https://pgportal.gov.in/ |